

# फिल्म पेड्डी की शूटिंग की तस्वीरों ने इंटरनेट पर हलचल मचाई

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी की शूटिंग की तस्वीरों ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है.

जब से पेड्डी का अनाउंसमेंट वीडियो आया है, तब से लेकर इसके फर्स्ट-लुक पोस्टर और टीज़र झलकियों तक, राम चरण की इस आने वाली फ़िल्म का हर कंटेंट सोशल मीडिया पर चर्चा और ट्रेंड का टॉपिक बना रहा है. इसका पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' रिलीज़ होते ही छा गया था और सिर्फ 24 घंटों में 46 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ के साथ यह साल के सबसे ज़्यादा देखे और पसंद किए जाने वाले गानों में शामिल हो गया. अब फ़िल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हुई हैं, जिनमें राम चरण दिल्ली में शूटिंग करते नज़र आ रहे हैं.

पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ रही है, और इसी बीच सेट से सामने आई राम चरण की शूटिंग की तस्वीरों ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है. लीक तस्वीरों में दिख रहा है कि कड़ाके की ठंड में राम चरण दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के आसपास की सड़कों पर चलते हुए नज़र आ रहे हैं. उनका लुक काफी रॉ और अलग दिखाई दे रहा है, जिससे साफ लगता है कि वह इस फ़िल्म में बिल्कुल अलग तरह का किरदार निभा रहे हैं.इन लीक हुई झलकियों ने फ़िल्म को लेकर जिज्ञासा और इंतज़ार दोनों को और बढ़ा दिया है. ऐसा लग रहा है कि राम चरण इस बार एक बिल्कुल नए अवतार में पर्दे पर उतरने वाले हैं, जिसे बिग स्क्रीन पर देखना और भी रोमांचक होगा.

राम चरण, जाह्नवी कपूर, जगपति बाबू, शिवा राजकुमार और दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकारों से सजी पेड्डी का निर्देशन बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं.

# आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल के लिए दिया था ऑडिशन



**डिजिटल** स्टार आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए ऑडिशन दिया था. आशीष चंचलानी ने अपने मज़ेदार और एंटरटेनिंग कंटेंट से यूट्यूब की दुनिया में धूम मचा दी है. कंटेंट क्रिएशन में कदम रखने के बाद से ही वह लगातार आगे बढ़ते गए और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते रहे. इतना ही नहीं, उन्होंने एकाकी के ज़रिए डायरेक्शन में भी डेब्यू किया, जो इस वक्त लोगों के दिलों पर राज कर रहा है. आशीष ने स्त्री और दंगल जैसी फ़िल्मों के लिए भी ऑडिशन दिया था.

आशीष चंचलानी ने स्त्री और दंगल में बिट्टू और ओमकार के रोल के लिए ऑडिशन दिया था. हाल ही में एक इंटरव्यू में आशीष ने दोनों फिल्मों के ऑडिशन का अपना किस्सा बताया और कहा कि ये रोल बाद में अपारशक्ति खुराना को मिल गए. आशीष ने कहा, 'मैंने फिल्म स्त्री के लिए ऑडिशन दिया था, अपारशक्ति के रोल के लिए. एक बार दंगल के लिए भी किया था. मैं अपार भाई को बोलता हूँ, 'भाई, आपके साथ कुछ तो है. इसलिए मेरे को पता चलता है न कि आप पिक्चर कर रहे हो, तो मैं भाग जाता हूँ. क्योंकि मेरे को मालूम है, मैंने कुछ ऑडिशन किया, आप लेकर जाओगे.' एकाकी में आशीष चंचलानी कई ज़िम्मेदारियाँ निभा रहे हैं, वह इसके लेखक, निर्देशक, निर्माता और मुख्य अभिनेता भी हैं, जो उनके बड़े क्रिएटिव विज़न को दिखाता है. इस सीरीज़ में उनकी करीबी टीम भी फिर से साथ आई है.

# फिल्म 'मैसा' 24 दिसंबर को होगी रिलीज

**जानीमानी** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' पहली झलक 24 दिसंबर को रिलीज होगी.फिल्म 'मैसा' को अनफॉर्मूला फिल्म्स के तले प्रोड्यूस किया जा रहा है. इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और निर्देशित किया हैये प्रोजेक्ट जल्द ही फ्लोर पर जाने वाला है.

मेकर्स ने फिल्म 'मैसा' का नया पोस्टर जारी किया, जिसे देखकर फैंस में एक्साइटमेंट और ज्यादा बढ़ गई है. यह फिल्म एक फीमेल-लीड पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसका फर्स्ट लुक 24 दिसंबर, 2025 को जारी किया जाएगा.

इस अपकमिंग मूवी में रश्मिका एक पावरफुल और ट्रांसफॉर्मेटिव अवतार में नजर आएंगी, जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं किया है.

सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जख्मों से ताकत तक. दर्द से मुक्ति तक.दुनिया ṭरिमेंबरदनेम ṭमैसा को याद रखेगी.पहली झलक 24.12.25 को. रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में देखने के लिए बने रहें.

पोस्टर में रश्मिका एक दमदार और प्रभावशाली अवतार में नजर आ रही हैं. उनके एक हाथ में हथियार है, जबकि दूसरे हाथ में हथकड़ी. उन्होंने कुर्ता और दुपट्टा पहना है, जो खून से सना हुआ है.



# रणदीप हुड्डा ने मनाया लिन लैशराम का जन्मदिन



**बॉलीवुड** स्टार रणदीप हुड्डा ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ पत्नी लिन लैशराम का जन्मदिन मनाया.

रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने बीते सप्ताहांत एक सादा और खुशियों भरा जश्न मनाया. रणदीप ने इस खास मौके पर अपने करीबी दोस्तों के साथ लिन का जन्मदिन मनाया. यह समय रणदीप और लिन दोनों के लिए और भी खास है, क्योंकि वे जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं.यह छोटा सा जश्न सप्ताहांत में उनके करीबी दोस्तों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में हुआ, जहां माहौल प्यार, अपनापन और खुशी से भरा रहा. यह निजी आयोजन उनके जीवन के नए अध्याय और माता-पिता बनने की खुशी को दर्शाता है.

इस मौके पर अभिनेता विजय वर्मा, सयानी गुप्ता और अंजलि आनंद भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस जश्न को और भी खास बना दिया.

# हिना खान ने साझा किया संघर्ष भरा सफर

**टीवी** एक्ट्रेस हिना खान ने अपने किरदारों से लाखों लोगों का दिल जीता है और आज भी रियलिटी शो कर फैंस को एंटरटेन कर रही हैं. साल 2024 अभिनेत्री के लिए मुश्किलों भरा रहा था, क्योंकि उन्होंने इसी साल स्टेज-3 के ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी थी.

बीमारी का पता चलने से लेकर इलाज में होने वाली परेशानियों का सामना उन्होंने पूरी हिम्मत और धैर्य के साथ किया. अब उन्होंने अपने कैंसर जर्नी के बारे में सबा पटौदी के शो 'ऑल अबाउट हर' में खुलकर बात की और अपने दर्द को साझा किया.

सबा पटौदी ने अपने शो 'ऑल अबाउट हर' का नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वे हिना खान के साथ दिख रही हैं. हिना खान ने पहली बार किसी पॉडकास्ट पर अपनी बीमारी और उसमें होने वाली तकलीफों पर खुलकर बात की है.



# शौर्य का रहस्यमयी किरदार



**सन** नियो के शो 'सत्या साची' में शौर्य का दमदार और रहस्यमयी किरदार निभा रहे अभिनेता आकाश खंडेलवाल अपनी बहुमुखी परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. आकाश का कहना है कि शौर्य का किरदार काफी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और अलग-अलग भावनाओं से भरा हुआ है. उसका इमोशनल इक्वेशन हर एक रिश्ते के साथ पूरी तरह अलग है. वह दादी के साथ अलग है, साची के साथ अलग, अपने डैड के साथ अलग, स्टेप मॉम के साथ अलग, भरत के साथ बिल्कुल अलग. एक्टर होने के नाते आपको हमेशा ऐसे किरदार चाहिए होते हैं, जिनमें आप अलग-अलग इमोशंस को एक्सप्लोर कर सकें. शौर्य का यही ग्राफ मुझे बेहद आकर्षित करता है, क्योंकि यह मुझे एक परफॉर्मर के तौर पर चुनौती देता है और विस्तार भी देता है. उनका कहना है किसबसे पहले हमने इस रोल के लिए कुछ इनिशियल वर्कशॉप्स कीं. इसके बाद हमारे प्रोड्यूसर और राइटर ऋषि सर ने कुछ कैरक्टर रेफरेंस दिए, जिनके आधार पर मैंने शौर्य को समझना शुरू किया.मैंने उसकी साइकी को समझने की कोशिश की क्योंकि वह बचपन से ट्रॉमा से गुज़रा है, लेकिन फिर भी वह बेहद एथिकल और मॉरली करेक्ट है. वह गुस्सा करता है, लेकिन अपनी सीमाएँ और शालीनता भी बनाए रखता है. इसलिए हाँ, यह किरदार आसान नहीं था, खासकर शुरुआती फेज़ में इसका पूरा कैरक्टराइजेशन करना काफी चुनौतीपूर्ण था.

# बड़े पर्दे पर साथ दिखेंगे सनी देओल और अक्षय खन्ना

**बॉलीवुड** के दो सबसे दमदार अभिनेता सनी देओल और अक्षय खन्ना एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं. फिल्म 'इक्का' (ढ्ढद्मद्मड्ड) के जरिए यह जोड़ी पूरे 29 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है. इससे पहले दोनों को साल 1996 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' में एक साथ देखा गया था, जहाँ उनकी देशभक्ति और अभिनय ने करोड़ों दिलों को जीता था. अब दशकों बाद इन दोनों सितारों को एक साथ एक्शन मोड में देखना दर्शकों के लिए किसी बड़े सरप्राइज से कम नहीं है. सोशल मीडिया पर इस खबर के आते ही फैंस के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है.

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, फिल्म 'इक्का' एक हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी. सनी देओल, जो हाल ही में 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के सबसे चर्चित सितारे बने हुए हैं, इस फिल्म में अपने सिग्नेचर एक्शन अवतार में नजर आएंगे. वहीं, अपनी संजीदा और प्रभावशाली एक्टिंग के लिए मशहूर अक्षय खन्ना भी एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण भूमिका में होंगे. माना जा रहा है कि इस फिल्म की पटकथा में एक्शन के साथ-साथ गहरी भावनाओं का भी समावेश होगा, जो इन दोनों मंझे हुए कलाकारों की केमिस्ट्री को एक नया आयाम प्रदान करेगा.

फिल्म 'इक्का' की स्टार कास्ट और निर्माण को लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है. जहाँ सनी देओल इन दिनों 'बॉर्डर-2' की तैयारियों में भी व्यस्त हैं, वहीं अक्षय खन्ना का इस बड़े



प्रोजेक्ट से जुड़ना फिल्म की सफलता के चांस को और बढ़ा देता है. फिल्म के निर्देशक और अन्य सपोर्टिंग कास्ट को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह फिल्म साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक होगी. फिल्म समीक्षकों का मानना है कि 'इक्का' के जरिए सनी और अक्षय की जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्थापित कर सकती है.

# भाबीजी घर पर हैं 2.0 के साथ एक नये अध्याय की शुरूआत



**भाबीजी** घर पर हैं 2.0' के साथ एक नये अध्याय की शुरूआत करने जा रहा है. नई जगह, कई परतों वाली कहानी और एक मस्ती भरे सुपरनैचुरल ट्विस्ट के साथ यह पुराना शो नई ताजगी के साथ लौट रहा है. इसमें पुरानी यादें, नयापन और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट का तड़का लगने वाला है. शिल्पा शिंदे 10 साल बाद अंगूरी भाबी के रूप में लौट रही हैंउनका कमबैक नॉस्टैल्जिया को फिर से जगाता है और इस नए अध्याय में भावनात्मक गहराई जोड़ता है. घूंघटगंज के रोचक शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित, जहां परंपरा का संगम रहस्य से होता है और घूंघटों के पीछे राज छिपे हैं, शो अजीबोगरीब नए चेहरों के कहानी में प्रवेश के साथ, उथल-पुथल सबसे मनोरंजक तरीके से बढ़ जाती है. इन किरदारों से कहानी में एकदम नई डायनैमिक्स, आश्चर्यजनक इंटरैक्शन आएगा और कहानी कहने की कला बेजोड़ होगी, जिससे हर एपिसोड रोमांचक, आकर्षक और आनंददायक तरीके से अप्रत्याशित लगता है.





# नई किआ सेल्टॉस : बड़ी एसयूवी में स्टाइल और सुरक्षा का मेल

**साउथ** कोरियन ऑटो निर्माता किआ ने भारतीय बाजार में अपनी मशहूर एसयूवी, सेल्टॉस का सेकेंड जेनरेशन मॉडल लॉन्च कर दिया है. नई किआ सेल्टॉस विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर डेवलप की गई है. कंपनी ने हैदराबाद में आयोजित इवेंट के दौरान इसका ग्लोबल डेब्यू किया. किआ इंडिया ने बताया कि नई सेल्टॉस की बुकिंग अब उपलब्ध है, इच्छुक ग्राहक इसे 25,000 रुपये के टोकन अमाउंट के साथ बुक कर सकते हैं. कीमतों का आधिकारिक ऐलान 2 जनवरी 2026 को होगा और डिलीवरी महीने के दूसरे सप्ताह के बाद शुरू होगी.

नई सेल्टॉस का एक्सटीरियर पहले से ज्यादा बड़ी, बोल्ड और स्पेसियश दिखाई देती है. इसके फ्रंट में डिजिटल टाइगर फेस, ब्लैक हाई ग्लॉसी ग्रिल, आइस क्यूब एलईडी प्रोजेक्शन हेडलैंप और स्टारमैप एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स शामिल हैं. 18 इंच के स्पोर्टी क्रिस्टल कट अलॉय व्हील और ऑटोमेटिक स्ट्रीमलाइन डोर हैंडल साइड प्रोफाइल को आकर्षक बनाते हैं.

गनमेटल फिनिश स्किड प्लेट्स कार की स्पोर्टी अपील को बढ़ाते हैं. किआ ने कार के केबिन को अल्ट्रा-मॉडर्न और टेक्निकली एडवांस बनाया है. इसमें स्मोकी ब्लैक और व्हाइट टू-टोन इंटीरियर है. 30 इंच का ट्रिनिटी पैनारोमिक डिस्प्ले पैनल ड्राइवर इंफॉर्मेशन, इंफोटेंमेंट और टेंप्रेचर कंट्रोल के लिए सुविधा देता है. केबिन में वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, डी-कट स्टीयरिंग व्हील, वायरलेस चार्जर, 8 स्पीकर बॉस ऑडियो सिस्टम, डुअल-पैन पैनारोमिक सनरूफ और 64 एम्बीएंट लाइटिंग जैसी सुविधाएं हैं. नई किआ सेल्टॉस 3 इंजन ऑप्शन में उपलब्ध है: 1.5 लीटर स्मार्टस्ट्रीम पेट्रोल (115 पीएस पावर, 144 एनम टॉर्क), 1.5 लीटर टीजीडीआई पेट्रोल (160 पीएस पावर, 253 एनम टॉर्क) और 1.5 लीटर वीजीटी डीजल (116 पीएस पावर, 220 एनम टॉर्क).

# निसान ग्रेवाइट : भारत में आ रही नई 7 सीटर कार

**जापानी** ऑटो निर्माता कंपनी निसान ने भारतीय बाजार में अपनी नई 7-सीटर मल्टी पर्पज व्हीकल (एमपीवीआई) का नाम 'निसान ग्रेवाइट' घोषित कर दिया है. कंपनी का कहना है कि यह वाहन पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और डेवलप किया गया है और इसे अगले साल जनवरी 2026 में लॉन्च करने की योजना है. पिछले कुछ महीनों में निसान लगातार अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को मजबूत कर रही है.


हाल ही में कंपनी ने अपने आगामी मॉडल निसान टेकटन का भी पर्दा उठाया था. कंपनी के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने स्पष्ट किया कि निसान भारत से कहीं नहीं जा रही है और इसके कई नए प्रोडक्ट्स जल्द ही बाजार में पेश किए जाएंगे. नई निसान ग्रेवाइट की तस्वीरों में इसके स्पोर्टी और मस्कुलर डिज़ाइन को देखा जा सकता है. वाहन का फ्रंट फेस पूरी तरह नया है, जिसमें निसान का सिग्नेचर स्टाइल ग्रिल शामिल है. बोनट पर बड़े अक्षरों में 'ग्रेवाइट' की लेटरिंग इसे बोल्ड और एग्रेसिव लुक देती है.

इसके अलावा एलईडी लाइटिंग और पतले क्रोम इंसर्ट के साथ मस्कुलर क्रीच लाइंस और स्कल्प्चर डिजाइन वाहन को आकर्षक बनाते हैं. निचले हिस्से में भी क्रोम इंसर्ट का इस्तेमाल देखा जा सकता है. यह नाम वाहन की भारतीय मार्केट के लिए अपील को भी दर्शाता है.

कंपनी का फोकस केवल नए प्रोडक्ट पर ही नहीं है, बल्कि शोरूम और नेटवर्क विस्तार पर भी है. वर्तमान में निसान के देश में 150 शोरूम हैं, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2026 में बढ़ाकर 250 करने का लक्ष्य रखा गया है. आने वाले महीनों में अलग-अलग लोकेशन पर 100 नए डीलरशिप की शुरुआत की जाएगी. ग्रेवाइट की शोरूम तक पहुंच मार्च 2026 तक हो जाएगी. हालांकि फिलहाल इसके इंजन, फीचर्स और स्पेसिफिकेशन की जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन इसके बोल्ड और एग्रेसिव लुक ने पहले ही ऑटो प्रेमियों में उत्साह पैदा कर दिया है. निसान ग्रेवाइट भारत में 7-सीटर एमपीवीआई सेगमेंट में अपने स्पोर्टी और मस्कुलर डिज़ाइन के साथ आकर्षण का केंद्र बनने वाली है.



# सर्दियों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी क्यों होती है कमजोर



**सर्दियों** के मौसम में इलेक्ट्रिक वाहन इस्तेमाल करने वाले कई लोग यह महसूस करते हैं कि उनकी गाड़ी की बैटरी सामान्य दिनों की तुलना में जल्दी खत्म हो रही है. खासतौर पर नए उपयोगकर्ताओं को लगता है कि शायद वाहन में कोई तकनीकी खराबी आ गई है, लेकिन हकीकत इससे अलग है. दरअसल, ठंड का सीधा असर इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली लिथियम-आयन बैटरी की कार्यप्रणाली पर पड़ता है.

इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के भीतर ऊर्जा का निर्माण रासायनिक क्रिया के जरिए होता है. सामान्य तापमान में यह क्रिया तेज और संतुलित रहती है, जिससे बैटरी पूरी क्षमता के साथ काम करती है. लेकिन जैसे ही तापमान गिरता है, यह रासायनिक प्रक्रिया धीमी पड़ने लगती है. इसका परिणाम यह होता है कि बैटरी से ऊर्जा निकलने की गति कम हो जाती है और गाड़ी को उतनी ही दूरी तय करने के लिए ज्यादा शक्ति खर्च करनी पड़ती है. इसी कारण वाहन की कुल चलने की क्षमता, यानी रेंज, घटती हुई दिखाई देती है.

सर्दियों में रेंज कम दिखने की एक और वजह यह भी है कि ठंड में वाहन के अन्य सिस्टम भी बैटरी पर ज्यादा निर्भर हो जाते हैं. केबिन को गर्म रखने, शीशे साफ रखने और सीट हीटिंग जैसे आरामदायक फीचर्स के इस्तेमाल से बैटरी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है. यह सभी सुविधाएं सीधे बैटरी से ऊर्जा लेती हैं, जिससे चार्ज जल्दी खत्म होने लगता है. इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता इस चुनौती से भली-भांति परिचित हैं.

# रॉयल एनफील्ड 2026 में पेश करेगी 7 नई बाइक

**रॉयल** एनफील्ड, भारत की सबसे पॉपुलर मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी, 2026 में अपने पोर्टफोलियो में सात नई बाइक पेश करने जा रही है. कंपनी की अपकमिंग लाइनअप में पेट्रोल और इलेक्ट्रिक दोनों प्रकार की मोटरसाइकिल शामिल हैं, जिनमें क्लासिक डिजाइन के साथ एडवांस फीचर्स मिलेंगे. अपकमिंग फ्लाइंग फ्ली सी6 रेट्रो-स्टाइल इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल होगी.

इसे शहरी कम्यूटर के तौर पर डिज़ाइन और डेवलप किया गया है. इसमें स्टाइलिश अलॉय व्हील्स, गोल मिरर और यूनिक बॉडी पैनल्स होंगे. रिमूवेबल पिलियन सीट, कलर डिजिटल टचस्क्रीन डिस्प्ले, वॉयस असिस्ट, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन, ओटीए अपडेट सपोर्ट और कीलेस गो जैसी सुविधाएं इसमें मिलेंगी. बाइक में स्मार्ट फीचर्स के लिए क्वालकॉम स्नैपड्रैगन प्रोसेसर का इस्तेमाल किया जाएगा. बुलेट 650 का नया वर्जन 648सीसी, एयर/ऑयल-कूल्ड, पैरेलल-ट्विन इंजन से लैस होगा. यह क्लासिक 650 का अफोर्डेबल और ट्रडिशनल वर्जन है. इसे जनवरी 2026 में लॉन्च किया जा सकता है, एक्स-शोरूम कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये होने की संभावना है. बाइक में दो कलर ऑप्शन मिलेंगे- बैटलशिप ब्लू और कैनन ब्लैक.

गोल्डन पिनस्ट्राइप्स और ट्रेडिशनल रॉयल एनफील्ड बैज इसे क्लासिक लुक देंगे. फ्लाइंग फ्ली स६ सब-ब्रांड का दूसरा मॉडल होगी, जो ऑल-इलेक्ट्रिक स्क्रैम्बलर के रूप में आएगी. इसमें 19-इंच फ्रंट और 18-इंच रियर व्हील होंगे. मल्टीपर्पज डिजाइन, अच्छा सस्पेंशन ट्रैवल और ज्यादा ग्राउंड क्लियरेंस इसे एडवेंचर-रेडी बनाएंगे. बाइक में एंड्यूरो-स्टाइल सीट, डेडिकेटेड ऑफ-रोड राइड मोड, एबीएस और ट्रैक्शन कंट्रोल शामिल होंगे. रॉयल एनफील्ड हिमालयन 750 का इलेक्ट्रिक वर्जन 2026 के अंत में पेश किया जाएगा.

